Doc Ver. No. 19.03.2017

# कंप्यूटर क्लास के सुगम संचालन के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

कोई सवाल या जानकारी के लिए connect@computershiksha.org पर लिखें या 9910623004 पर संपर्क करें या Computer.shiksha पर Skype करें.

यह दस्तावेज़ न्यासी (trustees)/ स्कूल व्यवस्थापकों/ शिक्षकों/ प्रशिक्षकों के लिए है.

1. चूँकि आपके स्कूल में कंप्यूटर क्लास शुरू हो रही हैं, इसलिए समय-समय पर आपको या आपके कर्मचारीगण को हार्डवेयर व सॉफ्टवेर सम्बंधित समस्यों, शिक्षण सामग्री, विद्यार्थियों की परीक्षाओं के आयोजन, कंप्यूटर शिक्षा (CS) को जानकारी भेजने या प्राप्त करने हेतु अथवा कोर्स/क्लास संबंधी कोई अन्य मामले में मदद की आवश्यकता पड़ सकती है.

   इन सभी जानकारियों/ज़रूरतों के लिए कृपया connect@computershiksha.org पर ही ईमेल करें. यह ईमेल कंप्यूटर शिक्षा (CS) के सभी प्रमुख अधिकारियों/पदाधिकारियों/कर्मचारियों को जाएगा ताकि अवश्यकतानुसार हर संभव निवारण किया जा सके.

   आप CS से फ़ोन नंबर 9910623004 पर अथवा WhatsApp या Skype (Computer.Shiksha) के द्वारा भी संपर्क कर सकते हैं.

   ज़रूरी सूचना: अगर आपका इन्टरनेट द्वारा संचालित **CCTV** काम नहीं कर रहा है और आपको कुछ पूछना है अथवा हार्डवेयर के किसी भाग को ठीक करने/कराने सम्बन्धित सलाह के लिए दिखाना है तो आप इसके लिए **Skype** का प्रयोग कर सकते हैं.

2. हमारे पूर्व अनुभव से हमें पता चला है कि क्लास में अक्सर छात्र ऐसी साधारण गलतियां कर बैठते हैं जिसे शिक्षक/प्रशिक्षक देख या जांच नहीं पाते और जिसके कारण कंप्यूटर (लैपटॉप/डेस्कटॉप) काम करना बंद कर देते हैं. ऐसे में कंप्यूटर शिक्षा (CS) की सहायता लेनी पड़ती है जो अनावश्यक है.

   अक्सर क्लास की समाप्ति पर छात्र कंप्यूटर को ठीक से शट डाउन नहीं करते हैं जिस से विंडोज में समस्याएं आ जाती हैं और क्लास की कार्यवाही में अनावश्यक रुकावटें आती हैं और CS पर बेवजह बोझ बढ़ता है.

   निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए (इसे ट्रेनिंग प्रोग्राम में भी समझाया जाता है).

   क्लास/सत्र की समाप्ति पर कंप्यूटर शट डाउन करने के पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वह सारी फाइलें जिन्हें खोल कर काम किया गया था, बंद कर दी गयी हैं.

   शट डाउन का बटन दबाने के बाद पावर का बटन तब तक न दबाएं जब तक सिस्टम अपने आप शट डाउन नहीं करता है.

   अगर पावर का तार अलग करना है तो पहले सिस्टम को शट डाउन कर दें.

कृपया अपने शिक्षकों और प्रशिक्षकों को यह जानकारी दे दें ताकि वह इन बातों का ध्यान रख सकें. ऐसा न करने पर नए लैपटॉप/डेस्कटॉप में भी ऊपर बताई गयी समस्याएं आती रहेंगी.

3. अक्सर यह देखा गया है कि कंप्यूटर में फ़िल्मी गीतों और फिल्मों वाली पेन ड्राइव का इस्तेमाल किया जाता है. इसका वर्जित होना ज़रूरी है. सिस्टम और विंडोज़ में ख़राबी का यह एक प्रमुख कारण है इसलिए कृपया पूरी सख़्ती और सतर्कता बरतें.

4. यह देखा गया है कि जो पेन ड्राइव आपको दी जाती हैं (जिसमे विडियो और सॉफ्टवेर होते हैं ) वह गलत उपयोग के कारण ख़राब हो जाती है। सबसे पहले जब आप अपनी संस्थान में वापिस जाएं तो अपने स्कूल /संस्थान के कम से कम २ कंप्यूटर में इस पेन ड्राइव के डाटा को कॉपी कर लें। यह चूक नहीं होनी चाहिए।

5. कृपया हमें उन छात्रों की संख्या दें जिनको आप कंप्यूटर शिक्षा देने की सोच रहे हैं और आप उन कंप्यूटर का भी विवरण दें जो आपके पास उपलब्ध हैं। CS यह सुनिश्चित करेगी कि आप योजना बनाने में गलती तो नहीं कर रहे हैं।

6. सत्र शुरू होने के पूर्व स्कूल को कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों की सूची भेजनी चाहिए जो छात्रों की कक्षाओं के हिसाब से हो और जिसे इस दस्तावेज़ के अंत में दिए गए प्रारूप के अनुसार तैयार किया गया हो. यह प्रक्रिया सिर्फ़ एक बार कंप्यूटर कोर्स के आरम्भ में करने की आवश्यकता है. तद्पश्चात, प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) के लिए CS परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं से छात्रों की यह जानकारी प्राप्त कर लेगा. छात्रों की जानकारी का प्रारूप प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में आपके प्रशिक्षकों को दी जाने वाली पेन ड्राइव में मौजूद है.

   अगर आप ईमेल करने में असमर्थ हैं तो कृपया उपरोक्त जानकारी को डाक या कूरियर से भेज दें और हमें मोबाइल नंबर 9910623004 पर सूचित कर दें . इस विवरण को भेजने का पता इस प्रकार है:
   कंप्यूटर शिक्षा
   G576, सुशांत लोक II, सैक्टर 57, गुडगाँव 122011, हरयाणा. स्कॉटिश हाई इंटरनेशनल स्कूल के सामने. फ़ोन:0124-4112926.

   आप इस जानकारी को connect@computershiksha.org पर ईमेल कर सकते हैं.

7. टाइम टेबल तैयार करते समय इस बात का ध्यान रखें कि कंप्यूटर कोर्स करने वाला हर छात्र हफ़्ते में दो दिन लगातार दो कक्षाएं करे, न कि हर दूसरे या अन्य दिन. इस तरह हर छात्र सप्ताह में 2 या 4 या 6 क्लास पूरी कर सकता है. अगर बच्चे हफ़्ते में 2 क्लास करते हैं तो बेसिक कोर्स को 31 सप्ताह में पूरा किया जा सकता है (परीक्षा और revision का समय अतिरिक्त).

8. 8वीं कक्षा तक के छात्रों को सिर्फ़ बेसिक कोर्स करना चाहिए. 9वीं से लेकर 12वीं तक के छात्रों को एडवांस कोर्स की ओर बढ़ना चाहिये जो अतिरिक्त 24 हफ़्तों का होता है. यानि बड़े बच्चों के लिए पूरे कोर्स की अवधि 55 सप्ताह रहेगी जिसमें रिविज़न और परीक्षा का समय शामिल नहीं है.

9. NGO/स्कूल को सावधानीपूर्वक किसी भी मॉड्यूल की १०वीं कक्षा तक पहुँचने वाले छात्रों की जानकारी connect@computershiksha.org पर देनी चाहिए ताकि CS की टीम उनके लिए परीक्षा का प्रश्नपत्र तैयार कर सके. साथ ही, हमें परीक्षा देने वाले छात्रों की संख्या से अवगत कराया जाए ताकि हम उचित संख्या में प्रश्न पत्रों को ला/भेज सकें.

10. गुडगाँव के बाहर स्थित स्कूलों के छात्रों के लिए हम ऑनलाइन परीक्षा की सुविधा विकसित कर रहे हैं जो १ मई, 2017 से उपलब्ध होगी. ऐसे स्कूलों के लिए जहां इन्टरनेट नहीं है, डाक/कूरियर द्वारा परीक्षा पत्र भेजे जायेंगे जिसके लिए वह फोन नंबर 9910623004 पर संपर्क कर सकते हैं.

    कृपया इनकी छपाई के लिए १ सप्ताह और इन्हें आप तक पहुंचाने के लिए १ सप्ताह का समय ध्यान में रखें, यानि अपनी आवश्यकता के दो सप्ताह पहले हमें सूचित करें. आपको हमें यह बताना ज़रूरी है कि आपने कौनसा मॉड्यूल पूरा किया है और परीक्षा देने वाले छात्रों की संख्या कितनी है. प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) के लिए हमें रिजल्ट भेजना होगा.

11. कृपया इस बात का ध्यान रखें कि आपके शिक्षकों को पेंट मॉड्यूल 1, राइटर मॉड्यूल 1 और राइटर मॉड्यूल 2, जिनकी अवधि 6-6 हफ़्ते है, के लिए प्रशिक्षित किया गया है, यानि इन तीन मॉड्यूल की कुल अवधि 18 सप्ताह है. अगले 6 सप्ताह के इम्प्रेस 1 मॉड्यूल के लिए आपके शिक्षकों को कंप्यूटर शिक्षा (CS) से 2 दिनों का प्रशिक्षण लेना होगा जिसके लिए राइटर मॉड्यूल 2 की समाप्ति के पूर्व और छात्रों की परीक्षा प्लान करते समय आप connect@computershiksha.org पर हमे ईमेल भेज सकते हैं.

12. प्रत्येक मॉड्यूल के बाद परीक्षा ली जाएगी और बेसिक कोर्स की समाप्ति पर छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे.

13. कृपया इस बात को ध्यान में रखें कि कंप्यूटर शिक्षा की सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रति समर्पित है इसलिए किसी भी समस्या या जानकारी के लिए हम से संपर्क करें ताकि हम उचित निवारण कर सकें.

14. हम पुनः दोहराना चाहेंगे कि CS द्वारा कंप्यूटर उपकरणों के रखरखाव के लिए NGO/स्कूल को हर संभव सहायता दी जाएगी. NGO/स्कूल के प्रतिनिधियों को प्रथम लेवल हार्डवेयर व सॉफ्टवेर के रखरखाव और रिपेयर का प्रशिक्षण दिया जायेगा. ज़्यादा जटिल समस्याओं के लिए CS द्वारा प्रशिक्षित प्रतिनिधियों को फ़ोन/सीसीटीव/स्काइप से मदद की जाएगी. ज़रूरत पड़ने पर आपको हमारे गुडगाँव केंद्र पर समस्या के निवारण के लिए हार्डवेयर को लाने की सलाह दी जाएगी.

15. अगर कोर्स के विडियो या शिक्षण सामग्री (टीचिंग मैन्युअल) खो जाते हैं तो आप कोर्स विडियो https://www.youtube.com/c/ComputerShiksha से डाउनलोड कर सकते हैं और शिक्षण सामग्री हमारी वेबसाइट www.computershiksha.org के ऑनलाइन कोर्स अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है.

16. कंप्यूटर की आवश्यक संख्या कैसे तय करें**?**

    मान लें कि आपके पास ८ चालू कंप्यूटर हैं जिनमें से १ कंप्यूटर शिक्षक के लिए छोड़ दिया जाए तो ७ कंप्यूटर छात्रों के लिए उपलब्ध होंगे.

    अगर **45** मिनट की क्लास होती है तो एक समय में **7** छात्र कंप्यूटर क्लास में शामिल हो सकते हैं और अगर एक दिन (जैसे सोमवार) में ४५- ४५ मिनट के ६ सत्र होते हैं तो पूरे दिन में कुल ४२ छात्र क्लास ले सकते हैं.

    क्योंकि छात्रों को दुसरे दिन भी क्लास दोहरानी होती है, इसलिए वही 42 छात्रों का समूह अगले दिन, यानि मंगलवार, को भी कंप्यूटर क्लास करेगा.

    इसी तरह से बुधवार और बृहस्पतिवार को और फ़िर शुक्रवार और शनिवार को अन्य 42 - 42 छात्रों के दल कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण करेंगे.

इस तरह से एक हफ़्ते में प्रतिदिन 6 क्लास के हिसाब से 7 कंप्यूटर पर आप कुल 126 छात्रों को शिक्षा दे सकते हैं.

अगर आप अधिक मात्रा में छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा देना चाहते हैं तो आपको या तो कंप्यूटर की संख्या बढ़ानी पड़ेगी या फ़िर प्रतिदिन ज़्यादा क्लास लेनी पड़ेंगी.

**17.** ज़रूरी सूचना:

अपने स्कूल/केंद्र को हमारे डेटाबेस में शामिल करने के लिए कृपया निम्न जानकारी हमें अवश्य भेजें:

**a.** कंप्यूटर कोर्स के दिन.

**b.** क्लास का समय

**c.** कंप्यूटर कोर्स करने वाले छात्रों की संख्या

**d.** कंप्यूटर क्लास के केंद्र का पूरा पता

उक्त जानकारी को हमारे डेटाबेस में शामिल कर लिया जायेगा और हम आपके स्कूल/केंद्र की सूचना जनमानस को देंगे ताकि दूरदराज़ से लोग आएं और आपके द्वारा आयोजित कंप्यूटर क्लास को देख सकें.

**18.** कृपया नोट करें कि कंप्यूटर शिक्षा (**CS**) से हार्डवेयर लेने वाले **NGO**/स्कूल का सामान्य कार्यकाल के दौरान कंप्यूटर्स का उपयोग जानने के लिए निरीक्षण(ऑडिट) किया जायेगा. ऐसा करने के पूर्व **NGO**/स्कूल को सूचित कर दिया जायेगा.

19. एक बार पुनः,कोर्स इस प्रकार से हैं:

## स्वशिक्षा (सेल्फ़ लर्निंग) कक्षाओं का कोर्स प्रारूप

बेसिक कोर्स (**6** मॉड्यूल्स)

| मॉड्यूल का नाम | सप्ताह में क्लास की संख्या | क्लास की अवधि | सप्ताह की संख्या |
|---|---|---|---|
| Paint I | 2 | 45 मि. से 1 घंटा | **6** |
| Writer I<br>(MS Word के समकक्ष) | 2 | 45 मि. से 1 घंटा | **6** |
| Writer II<br>(MS Word के समकक्ष) | 2 | 45 मि. से 1 घंटा | **6** |
| Impress I<br>(MS Powerpoint के समकक्ष) | 2 | 45 मि. से 1 घंटा | **6** |
| Worksheet I<br>(MS Excel के समकक्ष) | 2 | 45 मि. से 1 घंटा | **6** |
| Internet & Email I | 2 | 45 मि. से 1 घंटा | **1** |

बेसिक कोर्स की कुल अवधि (परीक्षा समय के सिवा) **31** सप्ताह

**आम तौर पर स्कूलों में सामान्य अवधि से अधिक समय लगता है. बेसिक कोर्स में ३१ - 40 सप्ताह और एडवांस कोर्स में 30 - 32 सप्ताह तक लग सकते हैं जिसमें परीक्षा की अवधि शामिल नहीं है.*

**एडवांस कोर्स (5 मॉड्यूल्स)**

| मॉड्यूल का नाम | सप्ताह में क्लास की संख्या | क्लास की अवधि | सप्ताह की संख्या |
|---|---|---|---|
| Paint II | 2 | 45 मि. से 1 घंटा | **6** |
| Writer III<br>(MS Word के समकक्ष) | 2 | 45 मि. से 1 घंटा | **6** |
| Impress II<br>(MS Powerpoint के समकक्ष) | 2 | 45 मि. से 1 घंटा | **6** |
| Worksheet II<br>(MS Excel के समकक्ष) | 2 | 45 मि. से 1 घंटा | **6** |

एडवांस कोर्स की कुल अवधि (परीक्षा समय के सिवा) **24** सप्ताह

** आम तौर पर स्कूलों में सामान्य अवधि से अधिक समय लगता है. बेसिक कोर्स में ३१ - 40 सप्ताह और एडवांस कोर्स में 30 - 32 सप्ताह तक लग सकते हैं जिसमें परीक्षा की अवधि शामिल नहीं है.*

छात्रों के विवरण का प्रारूप

स्कूल का नाम: स्कूल का पता: स्कूल संपर्क का नाम:

स्कूल का ईमेल: स्कूल का फ़ोन न.: स्कूल संपर्क का ईमेल:

स्कूल संपर्क का फ़ोन न.:

| S No. | **छात्र** का नाम | **क्लास** | **सेक्शन** | ईमेल ID | **पिता** का नाम | **पिता का व्यवसाय** | **माँ** का नाम | **माँ का पेशा** | संपर्क न. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

कोई सवाल या जानकारी के लिए connect@computershiksha.org पर लिखें या 9910623004 पर संपर्क करें या Computer.shiksha पर Skype करें